प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह ने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ समाज एवं राज्य की सेवा की।

*********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में इलाजरत राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर किए पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है कि वे वर्तमान में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। डॉ. अंसारी ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ डॉक्टरों की टीम से विस्तृत जानकारी ली, बल्कि परिवारजनों से भी भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने लिखा है कि डॉक्टरों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि पूरा झारखंड उनके साथ है

*********************

जामताड़ा जिले में इस बार समय पर अच्छी बारिश और समय से रोपाई के चलते किसानों को धान की बेहतर पैदावार की उम्मीद है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिससे वे कृषि कार्य में संसाधन जुटा पा रहे हैं। किसान रामेश्वर मंडल ने बताया कि समय पर बारिश और सरकारी मदद से इस बार फसल अच्छी होने की संभावना है।

साउंड बाइट – किसान, जामताड़ा (पीएम किसान सम्मान)– 27 सेकेंड

*********************

झारखंड–ओडिशा सीमा पर करमपदा–राउरकेला रेल खंड में नक्सलियों द्वारा लगाए गए पोस्टर और बैनर के बाद रेलवे ने इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया है। चक्रधरपुर रेल मंडल के रॉक्सी और रेंगड़ा स्टेशनों के बीच आज सुबह पोस्टर मिलने के बाद सुरक्षा कारणों से मालगाड़ियों की आवाजाही बंद कर दी गई। नक्सलियों द्वारा 3 अगस्त को बंद के आह्वान के बाद रेलवे ट्रैक को विस्फोट से नुकसान पहुंचाया गया। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और सर्च ऑपरेशन जारी है।

निर्वाचन आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है।

*********************

सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर कोडरमा में कांवर पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम प्रणाली के प्रभाव से दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर, बोकारो, हजारीबाग सहित अन्य जिलों में तेज बारिश के साथ–साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना जताई गई है। इन जिलों में जलजमाव और फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

*********************

ग्रीस के एथेंस में, अंडर–17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में लड़कों के 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारतीय पहलवान सितेंदर आज स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगे। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला शाम पांच बजे शुरू होगा। सेमीफाइनल में कल सितेंदर ने कजाख्स्तान के बेकासिल असमबेक को पांच–एक से हराया था।

*******समाप्त********